# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक-BRLPS/ LSBA/Estt/36/17/632 दिनांक- 01.02.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
सभी जिला, बिहार ।

विषय: शासी निकाय की दिनांक 12.09.2017 को संपन्न बैठक में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' निश्चय एवं सुशासन के बिंदु के अनुपालन के संबंध में ।

प्रसंग: बिहार विकास मिशन का पत्रांक-02/बि.वि.मि.(पे.स्व.ग्रा.वि)-08/2017/1948, दिनांक-15.11.2017 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय निदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक 12.09.2017 को संपन्न बैठक में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' निश्चय एवं सुशासन के बिंदु के कार्यक्रमों से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी एवं उनके द्वारा समर्पित प्रतिवेदन पर कारवाई की मांग की गयी है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबंधित वर्णित कंडिका संख्या- (ग),(घ) एवं (ड.) के आलोक में अनुपालन कराने की कृपा की जाए एवं कृत कारवाई कर संबंधित प्रतिवेदन बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराते हुए प्रति इस कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाए ।

अनु०-यथो०

विश्वासभाजन
1/2/18
(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि: श्री अनिमेष पाण्डेय, उप मिशन निदेशक, पेयजल,स्वच्छता ग्राम एवं नगर विकास मिशन उप मिशन, बिहार विकास मिशन, पटना,बिहार को सूचनार्थ प्रेषित|

प्रतिलिपि: सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि: सभी जिला समन्वयक,जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि: संबंधित संचिका ।

02/बि०वि०मि०(पे०स्व०ग्रा०वि०)-08/2017.....1948.......

बिहार सरकार

<u>बिहार विकास मिशन</u>

प्रेषक,

अनिमेश पाण्डेय,
उप मिशन निदेशक,
पेयजल स्वच्छता,ग्राम एवं नगर विकास उप मिशन ,
बिहार विकास मिशन,
बिहार, पटना।

सेवा में,

<u>प्रधान सचिव , नगर विकास एवं आवास विभाग</u>
सचिव,ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक..15.11.2017

**विषय:** दिनांक 12.09.2017 को संपन्न बिहार विकास मिशन के शासी निकाय की चतुर्थ बैठक की कार्यवाही में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' निश्चय एवं सुशासन के बिंदु के समुचित क्रियान्वयन हेतु दिए गये निदेश एवं स्वीकृत विभागीय प्रस्ताव के अनुपालन की अद्यतन **स्थिति के सम्बन्ध में।**

**प्रसंग : बिहार विकास मिशन का पत्रांक 1078 दिनांक 12.10.2017 |**

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के सम्बन्ध में अनुरोधपूर्वक सूचित करना है कि शासी निकाय की दिनांक 12.09.2017 को संपन्न बैठक में 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' निश्चय एवं सुशासन के बिंदु की विस्तृत चर्चा के क्रम में दिए गये निम्न निदेश के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की अपेक्षा सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन के कार्यालय से की गयी है :

**निश्चय**

<u>'शौचालय निर्माण घर का सम्मान'</u>

क) शहरी क्षेत्र में भूमि की उपलब्धता के आलोक में सामुदायिक शौचालय के निर्माण एवं उनके प्रबंधन की दिशा में समुचित प्रावधान कराने हेतु कृत कार्रवाई की अद्यतन स्थिति |

ख) माननीय सदस्यों द्वारा की गयी शिकायत के आलोक में कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड में अवस्थित मोकरन पंचायत, पूर्णिया जिला के बनमनखी प्रखंड में अवस्थित मधुबन पंचायत एवं दरभंगा जिला में अवस्थित रूपम पंचायत में ODF एवं शौचालय निर्माण की जांच का फलाफल |

ग) ODF घोषित वार्डों एवं पंचायतों में शौचालय निर्माण की स्थिति एवं गुणवत्ता तथा ग्रामीणों द्वारा निर्मित शौचालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु कृत कार्रवाई एवं अद्यतन स्थिति |

घ) बाढ़ में क्षतिग्रस्त शौचालयों का सर्वेक्षण कर सूचीबद्ध किया जाना एवं आपदा प्रबंधन विभाग से उनके पुनर्निर्माण एवं मरम्मति हेतु सहायता उपलब्ध कराने हेतु कृत कार्रवाई एवं अद्यतन स्थिति |

ड.) ODF घोषणा के 10 दिनों के अन्दर सम्बंधित वार्ड/पंचायत में नियमानुसार पात्रता प्राप्त लाभुकों को भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु कृत कार्रवाई एवं जिलों में ODF घोषित वार्ड/पंचायत में भुगतान की अद्यतन स्थिति |

च) ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में मॉडल Double pit डिजाईन युक्त शौचालय के निर्माण हेतु लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में अतिरिक्त अवयव जोड़ने की स्वीकृति के आलोक में कृत कार्रवाई की अद्यतन स्थिति |

सुशासन के बिंदु

शहरी फूटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडिंग ज़ोन की स्थापना

क) वेंडिंग ज़ोन निर्माण हेतु जिला परिषद् की भूमि का उपयोग एवं चालू वर्ष में 10 वेंडिंग ज़ोन की स्थापना सुनिश्चित कराने हेतु कृत कार्रवाई की अद्यतन स्थिति |

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन - जीविका

क) स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का आय आधारित सर्वेक्षण कराने हेतु कृत कार्रवाई एवं सर्वेक्षण की अद्यतन स्थिति |

अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं पर विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई एवं विषयवस्तु की अद्यतन स्थिति से सम्बंधित प्रतिवेदन सदस्य सचिव कार्यालय, बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय | साथ ही वांछित प्रतिवेदन की एक प्रति के अतिरिक्त उपर्युक्त बिन्दुओं के साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन उप मिशन कार्यालय को भी उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय |

विश्वासभाजन
15/11/17
(अनिमेश पाण्डेय)
उप मिशन निदेशक,
बिहार विकास मिशन

ज्ञापांक: 02/बि०वि०मि०(पे०स्व०ग्रा०वि०)-08/2017......1948......पटना, दिनांक ...15.11.2017

प्रतिलिपि -:नोडल पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

15/11/17
उप मिशन निदेशक

ज्ञापांक: 02/बि०वि०मि०(पे०स्व०ग्रा०वि०)-08/2017......1948......पटना, दिनांक ..15.11.2017

प्रतिलिपि -:अपर निदेशक (प्रोग्राम मोनेटरिंग), बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ प्रेषित |

15/11/17
उप मिशन निदेशक

ज्ञापांक: 02/बि०वि०मि०(पे०स्व०ग्रा०वि०)-08/2017......1948......पटना, दिनांक ..15.11.2017

प्रतिलिपि -:मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन को प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचनार्थ सादर समर्पित।

15/11/17
उप मिशन निदेशक

ज्ञापांक: 02/बि०वि०मि०(पे०स्व०ग्रा०वि०)-08/2017......1948......पटना, दिनांक ...15.11.2017

प्रतिलिपि -:मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका को सादर सूचनार्थ प्रेषित |

15/11/17.
उप मिशन निदेशक